the country during the last 5 years and number of oil finds is annexed. [*See* Appendix CLIX, Annexure No. 4].

(c) It is based on scientific and time tested procedures and practices.

(d) It is continuously being reviewed with inflow of fresh data.

Increase in the passenger fare by IA

87. SHRI ARANGIL SREEDHARAN: Will the Minister of CIVIL AVIATION AND TOURISM be pleased to state:

(a) whether Government have any proposal under its consideration to increase the passenger fare of Indian Airlines; and

(b) if so, what are the details thereof?

THE MINISTER OF CIVIL AVIATION AND TOURISM (SHRI MADHAV RAO SCINDIA). (a) No, Sir. Not at present.

(b) Does not arise.

विदेशी पर्यटकों की संख्या में कमी

88. **डा० अबरार अहमद** : क्या नागर विमानन और पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या पिछले वर्ष के दौरान भारत का भ्रमण करने वाले विदेशी पर्यटकों की संख्या में भारी कमी आई है ; यदि हां, तो उनकी संख्या में वृद्धि करने के लिये सरकार द्वारा क्या कदम उठाये जा रहे हैं; और

(ख) क्या देश में और विशेष रूप से राजस्थान में नये पर्यटन-स्थलों का विकास किया जा रहा है ; यदि हां, तो इस संबंध में स्थानवार ब्यौरा क्या है ?

नागर **विमानन और पर्यटन मंत्री (श्री माधव राव सिंधिया)** : (क) 1990–91 के दौरान पाकिस्तान और बंगलादेश के राष्ट्रिकों को छोड़कर भारत की यात्रा पर आने वाले विदेशी पर्यटकों की संख्या में लगभग 8.8 प्रतिशत की कमी आई है। देश में पर्यटन आधारिक-संरचना में वृद्धि करके तथा विदेशों में विपणन प्रयासों में तेजी ला कर पर्यटक आगमनों में बढ़ोतरी करने के लिए सरकार प्रयास कर रही है।

(ख) पर्यटक स्थलों का निरंतर विकास किया जाता रहा है और यह मुख्यत राज्य सरकार की जिम्मेदारी है। तथापि, केन्द्र सरकार द्वारा राज्य सरकारों से मिलने वाले प्रस्तावों के आधार पर विशिष्ट परियोजनाओं के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। 1990–92 के दौरान केन्द्र सरकार ने पर्यटन आधारिक-संरचना में वृद्धि करने और इसे सुदृढ बनाने के लिए राज्य सरकारों तथा संघ राज्य क्षेत्रों को 27.93 करोड़ रु. स्वीकृत किए। राज्य सरकार द्वारा शुरु की गई परियोजनायें इस प्रकार हैं— बूंदी, सवाई माधोपुर, अलवर, पाली, टोंक डीसा और शाहपुर में पर्यटक परिसर धोलपुर, महुआ, में मार्गस्थ सुविधाएं, केसरक्यारी में अल्पाहार-गृह कोटला और पिछोला झीलों के लिए जल क्रीड़ा उपस्कर, फतेह सागर झील में तैरता रेस्तरां, धोलपुर में वन विहार, आदि।

पैट्रोल तथा गैस के भंडार

89. **डा० अबरार अहमद :**
श्रीमती सत्या बहिन :

क्या **पैट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गत एक वर्ष में देश के किन-किन भागों में पेट्रोल अथवा गैस के भंडार मिले हैं ; वहां अनुमानत कितनी मात्रा में पेट्रोल अथवा गैस प्राप्त होने की तथा उत्पादन कब तक आरंभ हो जाने की संभावना है ; क्या राजस्थान में भी ऐसे कुछ स्थान हैं, और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ;

(ख) देश के जिन भागों में इस समय पैट्रोल तथा गैस के भण्डारों का पता लगाये जाने का कार्य किया जा रहा है, उनके नाम क्या-क्या हैं तथा इस संबंध में कितनी सफलता प्राप्त होने के आसार हैं ; और